अध्याय 22

बालाक का इस्राएल को शाप देने का प्रयास करना

मेसोपोटामिया के एक प्रसिद्ध भावी कहने वाले बिलाम को, मोआब के राजा, बालाक ने इस्राएल को शाप देने के लिए बुलाया। हालाँकि, परमेश्वर के लोगों को शाप देने के बजाय, बिलाम ने उन्हें आशीष दी। गिनती 22-24 में कहानी एक स्वतंत्र साहित्यिक इकाई है, जो अपने आप में पूर्ण है। कोई व्यक्ति बिलाम और बालाक के विवरण को छोड़ सकता है-वह गिनती 22:1 पढ़ सकता है, 25:1 तक छोड़ सकता है, और आगे पढ़ना जारी रख सकता है - और पुस्तक की जानकारी फिर भी समझ में आएगी।

कहानी कहाँ से उत्पन्न हुई थी? गिनती 22-24 की घटनाओं के समय बालाक और बिलाम के बीच जो चल रहा था इसके विषय में इस्राएलियों को पता था इसका कोई संकेत दिखाई नहीं पड़ता। निस्संदेह, लेखक को परमेश्वर की ईश्वरीय प्रेरणा के द्वारा निश्चय ही इन अध्यायों में दी गई जानकारी की सीधी प्रेरणा दी गई होगी। एक अन्य सम्भावना यह है कि बिलाम ने स्वयं (या उसके किसी करीबी ने) इस कहानी को दर्ज किया, और हो सकता है मिद्यानियों की पराजय और बिलाम की मृत्यु के पश्चात (अध्याय 31) यह इस्राएल की विरासत का एक भाग बन गई होगी। इसके बाद हो सकता है कि इसे प्रेरित लेखक के द्वारा पुस्तक में जोड़ दिया गया हो।

सावधानी से रची गई, कथा हास्य, विडम्बना और पथभ्रष्टता से भरपूर है। परमेश्वर का बिलाम और बालाक के साथ उसके व्यवहार में उद्देश्य स्पष्ट रूप से उन प्रतिज्ञाओं को नया करना था जो उसने पिछले समय में पितरों और उसकी वाचा के लोगों से की थीं। गिनती में, उन प्रतिज्ञाओं का नवीनीकरण एक निर्णायक समय पर आता है: जंगल की बूढ़ी पीढ़ी लगभग पूरी तरह से समाप्त हो चुकी थी, और नई पीढ़ी को आश्वस्त करने की आवश्यकता थी कि परमेश्वर उन प्रतिज्ञाओं को पूरा करेगा जो उसने पहले की थीं।

यरदन घाटी में ड़ीर 'अल्ला में एक पुरातात्विक खोज द्वारा बिलाम की ऐतिहासिकता की पुष्टि की गई है। 1967 में, पुरातत्व विशेषज्ञों ने आठवीं शताब्दी ईस्वी पूर्व के काल से प्लास्टर के टुकड़ों पर लेखन की खोज की, जिसमें बोर के पुत्र बिलाम नाम के एक भविष्यद्वक्ता का उल्लेख था।[1] शिलालेख के बिलाम और

गिनती के बिलाम में कई बातें एक समान हैं। रॉय गेन के अनुसार, "इन [शिलालेखों में] में सबसे विशेष बात यह है कि बोर के पुत्र बिलाम को देवताओं के दर्शी के रूप में स्मरण किया गया था, जो उसे रात में एक अलौकिक दर्शन में एक परेशान करने वाला संदेश देते थे।"[2] रोनॉल्ड बी. एल्लन ने कहा कि इन भविष्यद्वाणियों के शब्द से पता चलता है कि यह व्यक्ति प्राचीन निकट पूर्व में, अपनी मृत्यु के सदियों बाद भी कितना प्रसिद्ध था। उन्होंने यह भी कहा, "यह तथ्य कि भविष्यद्वाणी एक दीवार पर लिखी गई थी, यह संकेत करता है कि यह इस भावी कहने वाले के आशीर्वचन एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक उदाहरण थे, जिन्हें सम्भवतः भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित किया गया था।"[3]

इस्राएल का मोआब के अराबा में डेरा खड़ा करना (22:1)

[1]तब इस्राएलियों ने कूच करके यरीहो के पास यरदन नदी के इस पार मोआब के अराबा में डेरे खड़े किए।

आयत 1. यह अध्याय आगे आने वाली कहानी के लिए मंच तैयार करने के साथ आरम्भ होता है। **मोआब के अराबा** मृत सागर के उत्तर में और **यरदन** के पूर्व में स्थित थे। क्षेत्र को "समुद्र के तल से लगभग 3,200 फुट ऊपर," और "घुमावदार पठार और … अच्छी तरह से चरागाह के लिए अनुकूलित" क्षेत्र के रूप में वर्णित किया गया है।[4] जिस स्थान पर इस्राएलियों ने डेरा खड़ा किया था, वह "बड़े अराबा या यरदन के मैदान का भाग था, जो सिहोन के मोआब पर विजय प्राप्त करने और इसके क्षेत्र का एक बड़ा भाग ले लेने से पहले मोआब का भाग था।"[5] सिहोन और ओग पर विजय के बाद, इस क्षेत्र में डेरा खड़ा करने के लिए इस्राएली दक्षिण की ओर मुड़े। विशेष रूप से, वे **यरीहो के पास** थे, पहला नगर जिस पर वे प्रतिज्ञा किए गए देश में आक्रमण करेंगे (यहोशू 6:1-27)।

मोआब के आसपास के क्षेत्र में इस्राएल की उपस्थिति ने मोआबी राजा के हृदय में भय उत्पन्न कर दिया। आयत 1 कथानक से अप्रासंगिक नहीं है, जैसा कि माना जाता है। इस्राएल के जंगल के विवरण के दृष्टिकोण से, मोआब के मैदानों ने इस्राएलियों के लिए एक विस्तृत समय में डेरा खड़ा करने के लिए तीसरा क्षेत्र प्रदान किया। पहले दो सीनै पर्वत और कादेश थे।

बिलाम को बालाक का प्रस्ताव (22:2-6)

[2]सिप्पोर के पुत्र बालाक ने देखा कि इस्राएल ने एमोरियों से क्या-क्या किया है। [3]इसलिये मोआब यह जानकर, कि इस्राएली बहुत हैं, उन लोगों से अत्यन्त डर गया; यहाँ तक कि मोआब इस्राएलियों के कारण अत्यन्त व्याकुल हुआ। [4]तब मोआबियों ने मिद्यानी पुरनियों से कहा, "अब वह दल हमारे चारों ओर के सब लोगों को ऐसा चट कर जाएगा, जिस तरह बैल खेत की हरी घास को चट कर

जाता है।" उस समय सिप्पोर का पुत्र बालाक मोआब का राजा था; 5और इसने पतोर नगर को, जो महानद के तट पर बोर के पुत्र बिलाम के जाति भाइयों की भूमि थी, वहाँ बिलाम के पास दूत भेजे कि वे यह कह कर उसे बुला लाएँ, "सुन, एक दल मिस्र से निकल आया है, और भूमि उनसे ढक गई है, और अब वे मेरे सामने ही आकर बस गये हैं। 6इसलिये आ, और उन लोगों को मेरे निमित्त शाप दे, क्योंकि वे मुझ से अधिक बलवन्त हैं; तब सम्भव है कि हम उन पर जयवन्त हों, और हम सब इनको अपने देश से मारकर निकाल दें; क्योंकि यह मैं जानता हूँ कि जिसको तू आशीर्वाद देता है वह धन्य होता है, और जिसको तू शाप देता है वह शापित होता है।"

आयतें 2-4. विवरण जैसे ही आरम्भ होता है, पाठक का परिचय **मोआब के राजा सिप्पोर के पुत्र बालाक** से होता है। वह "यरीहो के पास यरदन नदी के इस पार मोआब के अराबा में" (22:1) उसकी डेवढ़ी पर इस्राएल की भीड़ को डेरा खड़ा करते देखकर **अत्यन्त डर** गया। वास्तव में, मोआब को इस्राएल से डरने का छोटा सा कारण ही था। परमेश्वर ने इस्राएलियों को उन्हें [मोआब को] "सताने" या "युद्ध करने के लिए उकसाने" के लिए मना किया था (व्यव. 2:8, 9), क्योंकि मोआब लूत का वंशज था और वे इस्राएलियों के कुटुम्बी थे (उत्पत्ति 19:36, 37)।

मोआबी, परमेश्वर के प्रतिबन्ध से अनजान, इस्राएल की हाल में ही प्राप्त की गई विजयों के कारण भयभीत थे। परमेश्वर के लोगों ने न केवल **एमोरियों** को पराजित किया था, जिन्होंने पहले मोआबियों से देश को ले लिया था (21:27-29), और वे **बहुत** भी थे। इस्राएल को अपने सामने पाकर मोआबी **भयभीत** थे। उन्हें आशा थी कि **यह दल उनके चारों ओर** सब वस्तुओं को ऐसा **चट कर जाएगा, जिस तरह बैल खेत की हरी घास को चट कर जाता है।** सम्भवतः "यह एक नीतिवचन की उपमा है जो चरवाहे लोगों के लिए सटीक बैठती है।"[6]

मोआबियों ने इस्राएल के विषय में **मिद्यानी पुरनियों** से अपनी चिंताओं को व्यक्त किया। मिद्यानी लोग एक खानाबदोश जनजाति थे, जो पूरे क्षेत्र में कारोबार करते थे।[7] वे अब्राहम के वंशज थे (उत्पत्ति 25:2) और "वे कनान के दक्षिण और पूर्व में फैले हुए थे (cf. उत्पत्ति 36:35; निर्गमन 2:15)।"[8] इन लोगों का नेतृत्व "पुरनिए" करते थे, जिन्हें गिनती 31:8 में "राजा" कहा गया है। स्पष्ट तौर पर, कुछ मिद्यानी मोआब में बस गए थे और मोआबियों के मित्र बन गए थे। बिलाम और बालाक की कहानी में लोगों के दो समूह वस्तुतः पर्यायवाची हैं। इस्राएल ने "मोआबी लड़कियों के संग कुकर्म" किया था (25:1)। इस पाप को एक मिद्यानी स्त्री और एक इस्राएली पुरुष (25:6) के बीच यौन अनैतिकता के द्वारा रूप दिया गया। 31:1, 2 में, मूसा को अध्याय 25 में वर्णित पाप के कारण मिद्यानियों को नष्ट करने के लिए कहा गया था।

आयतें 5, 6. चूंकि बालाक इस्राएल की सेना का सामना नहीं कर सकता, उसने अनुमानित खतरे की प्रतिक्रिया स्वरूप **बोर के पुत्र बिलाम को बुलवा भेजा।** बिलाम मेसोपोटामिया में ही कहीं **पतोर में, ... नदी के तट** पर रहा करता था।

अगले अध्याय में, बिलाम ने कहा वह "अराम" (सीरिया) और "पूर्व के पहाड़ों" से आया था (23:7)। व्यवस्थाविवरण 23:4 कहता है कि वह "मेसोपोटामिया के पतोर" से था। पतोर पितरु का एक संदर्भ हो सकता है, जो किर्कमीश के तेरह मील दक्षिण में स्थित था।[9] पतोर और मोआब के मैदानों के बीच की दूरी 370 मील से अधिक होने की गणना की गई है। इसलिए, यात्रा में 20 से 25 दिन का समय लगा होगा। कहानी में चार यात्राएँ लगभग 90 दिनों की हैं।[10]

बालाक चाहता था कि बिलाम मोआब में आए और इस्राएलियों को **शाप** दे, जिसका वर्णन उसने इस प्रकार किया था कि **भूमि उनसे ढक गई है**। मोआबियों के **सामने** रहने वाले इन लोगों स उन्हें और उनके बीच रहने वाले मिद्यानियों को चुनौती प्रतीत हुई। तो राजा ने सोचा यदि बिलाम **इन लोगों** को शाप देगा, तो उसके लिए उन्हें हराना और उन्हें देश से बाहर निकालना सम्भव हो सकता था। उन्होंने बिलाम को बुलवा भेजा क्योंकि उनका मानना था कि बिलाम के शाप प्रभावी थे। बिलाम के लिए उसका संदेश यह था: **"क्योंकि यह मैं जानता हूँ कि जिसको तू आशीर्वाद देता है वह धन्य होता है, और जिसको तू शाप देता है वह शापित होता है।"** उन दिनों में, एक भावी कहने वाले के शब्दों को अत्यन्त शक्तिशाली माना जाता था। जब ऐसा व्यक्ति बात करता था, तो उसने जो कहा था उसे पूरे हो चुके के समान मान लिया जाता था। इस तरह की समझ के कारण परमेश्वर के भविष्यद्वक्ताओं को दोषी ठहराया गया जब उनकी भविष्यवाणी पूर्ण होती; लोगों ने भविष्यद्वक्ता को न केवल भविष्य की भविष्यवाणी करने वाले के रूप में माना, बल्कि इसके कारण के रूप में भी।

इसके बाद, कहानी में दूसरा व्यक्ति, बिलाम है। इसमें कोई संदेह नहीं कि वह एक गैर-इस्राएली था, परन्तु उसकी भूमिका अधिक जटिल है। क्या वह अन्यजाति भावी कहने वाला था या परमेश्वर का भविष्यद्वक्ता था? बाइबल बताती है कि बिलाम एक "भावी कहने वाला" था (यहोशू 13:22)। निश्चित रूप से, बिलाम को "आशीष" और "शाप" पर प्रभावी होने के लिए एक प्रतिष्ठा प्राप्त थी, जो आमतौर पर भावी कहने वालों को दी जाती है। चूंकि बालाक ने अपने दूतों के साथ "भावी कहने की दक्षिणा" भेजी थी (22:7), इसलिए यह स्पष्ट है कि बिलाम को एक भावी कहने वाले व्यक्ति के रूप में माना जाता था। इसके अलावा, 24:1 कहता है कि उस समय बिलाम "पहले के समान शकुन देखने को न गया।" इससे संकेत मिलता है कि उसने पहले परमेश्वर की इच्छा के लिए शकुन का उपयोग करने का प्रयास किया था-एक ऐसा काम जो एक अन्यजाति भावी कहने वाले का काम होता था। हालाँकि, जब से मूसा की व्यवस्था (लैव्य. 19:26, 31; व्यव. 18:9-14) के द्वारा भावी कहने की निंदा की गई थी, तो परमेश्वर इस्राएल को आशीर्वाद देने के लिए एक भावी कहने वाले का उपयोग क्यों करेगा?

इसके विपरीत, गिनती 22-24 बिलाम का चित्रण यहोवा परमेश्वर में विश्वास करने वाले और उसके प्रवक्ता में करता हुआ प्रतीत होता है। उसने "यहोवा" ("याहवेह"), को उसके निजी नाम से पुकारा (22:8, 13, 19)। यहाँ तक कि, उसे "यहोवा मेरे परमेश्वर" भी कहा (22:18)। उसने घोषणा की और कहा कि वह

केवल वही केवल कहेगा जो "परमेश्वर" (यहोवा का वर्णन करते हुए) उसे कहने के लिए देगा (22:38)। जबकि गिनती में बिलाम का भविष्यद्वक्ता के रूप में परिचय नहीं देता, जबकि नया नियम देता है (2 पतरस 2:15, 16); और वह निस्संदेह इस स्थिति में एक भविष्यद्वक्ता के रूप में कार्य कर रहा था, जो परमेश्वर के वचन बोल रहा था।

तो बिलाम कौन था? हालाँकि यह सम्भव है कि मलिकिसिदिक के समान ही, वह भी सच्चे परमेश्वर का विश्वासी था, चूंकि वह एक इस्राएली नहीं था, यह अधिक सम्भावना है कि उसे एक शक्तिशाली भावी कहने वाले के रूप में माना जाता था जो अपने ग्राहकों द्वारा पहचाने जाने वाले किसी भी देवता के नाम पर बोल सकता था और वह यही करता था। मलिकिसिदिक (उत्पत्ति 14:18-20) इस बात का प्रमाण देता है कि, यद्यपि अधिकतर मनुष्यों ने परमेश्वर में विश्वास करना छोड़ दिया था (देखें रोम. 1:20-23), फिर भी अब्राहम के परिवार से अलग कई व्यक्तियों ने याहवेह पर विश्वास करना जारी रखा था। सम्भवतः बिलाम एक "लाभ का भविष्यद्वक्ता"[11] था - एक ऐसा भावी कहने वाला जो यदि दाम सही हो तो किसी भी देवता के नाम पर आशीष या शाप देने को तैयार था।[12] यदि ऐसा था, तो वह इस्राएल के परमेश्वर के नाम से परिचित रहा होगा; और, चूंकि वह बालाक की समस्या में सम्मिलित ईश्वर था, तो बिलाम ने बालाक के संग अपने व्यवहार में परमेश्वर का नाम पुकारा होगा। कहानी में, बालाक ने भी इस्राएल के परमेश्वर का सन्दर्भ "याहवेह" (23:17; 24:11) का प्रयोग करते हुए दिया था। एक बहु ईश्वरवादी के रूप में, वह याहवेह को इस्राएल के परमेश्वर के रूप में मानता था, हालाँकि उसने इस्राएल के इस विश्वास को कि याहवेह एकमात्र परमेश्वर है साझा नहीं किया था।

पुराने नियम में, याहवेह से सामना करने वाले अन्यजाति प्रायः उसकी प्रशंसा करते हुए उसकी शक्ति को स्वीकार करते थे, कभी-कभी उसके विषय में इस प्रकार बोलते थे मानो वे उसे एकमात्र परमेश्वर मानते थे। इस तरह की प्रशंसा को एक देवता के लिए बोलने के पारंपरिक तरीके के रूप में समझने की आवश्यकता है, (1) जिसकी उपस्थिति में एक व्यक्ति ने स्वयं को पाया या (2) जिसने स्वयं को विशेष रूप से शक्तिशाली दिखाया था। दूसरे शब्दों में, किसी भी देवता की उपस्थिति में करने के लिए यह विनम्र बात यह थी कि मानो केवल वही एकमात्र ईश्वर था। प्रशंसा के ऐसे भावों को इस्राएल के लिए आवश्यक विश्वास के वास्तविक रूपांतरण का संकेत नहीं माना जाना चाहिए।

परमेश्वर ऐसे दूत के माध्यम से अपनी इच्छा क्यों प्रकट करेगा? परमेश्वर ने अपने लोगों को आशीष देने के लिए बिलाम को अपने वक्ता के रूप में प्रयोग किया इसमें कोई संदेह नहीं हो सकता। कहानी बताती है कि यदि वह अपनी इच्छा को पूरा करने के लिए गदही का उपयोग कर सकता है, तो वह निश्चित रूप से एक अन्यजाति का उपयोग भी कर सकता है। इसके अलावा, इस तरह के एक प्रसिद्ध दर्शी द्वारा उच्चारित आशीषें, याकूब के वंशज के मुंह से आने वाली इसी के समान आशीषों से अधिक प्रभावशाली हो सकती हैं।

बालाक की योजना के प्रति बिलाम की प्रतिक्रिया (22:7-35)

बिलाम का जाने में संकोच करना (22:7-18)

[7]तब मोआबी और मिद्यानी पुरनिये भावी कहने की दक्षिणा लेकर चले, और बिलाम के पास पहुँचकर बालाक की बातें कह सुनाईं। [8]उसने उनसे कहा, "आज रात को यहाँ टिको, और जो बात यहोवा मुझ से कहेगा, उसी के अनुसार मैं तुम को उत्तर दूँगा।" तब मोआब के हाकिम बिलाम के यहाँ ठहर गए। [9]तब परमेश्वर ने बिलाम के पास आकर पूछा, "तेरे यहाँ ये पुरुष कौन हैं?" [10]बिलाम ने परमेश्वर से कहा, "सिप्पोर के पुत्र मोआब के राजा बालाक ने मेरे पास यह कहला भेजा है, [11]'सुन, जो दल मिस्र से निकल आया है उससे भूमि ढँप गई है; इसलिये आकर मेरे लिये उन्हें शाप दे; सम्भव है कि मैं उनसे लड़कर उनको बरबस निकाल सकूँगा'।" [12]परमेश्वर ने बिलाम से कहा, "तू इनके संग मत जा; उन लोगों को शाप मत दे, क्योंकि वे आशीष के भागी हो चुके हैं।" [13]भोर को बिलाम ने उठकर बालाक के हाकिमों से कहा, "तुम अपने देश को चले जाओ; क्योंकि यहोवा मुझे तुम्हारे साथ जाने की आज्ञा नहीं देता।" [14]तब मोआबी हाकिम चले गये और बालाक के पास जाकर कहा, "बिलाम ने हमारे साथ आने से मना किया है।" [15]इस पर बालाक ने फिर और हाकिम भेजे, जो पहलों से प्रतिष्ठित और गिनती में भी अधिक थे। [16]उन्होंने बिलाम के पास आकर कहा, "सिप्पोर का पुत्र बालाक यों कहता है, 'मेरे पास आने से किसी कारण मना मत कर; [17]क्योंकि मैं निश्चय तेरी बड़ी प्रतिष्ठा करूँगा, और जो कुछ तू मुझ से कहे वही मैं करूँगा; इसलिये आ, और उन लोगों को मेरे निमित्त शाप दे'।" [18]बिलाम ने बालाक के कर्मचारियों को उत्तर दिया, "चाहे बालाक अपने घर को सोने-चाँदी से भरकर मुझे दे दे, तौभी मैं अपने परमेश्वर यहोवा की आज्ञा को पलट नहीं सकता, कि उसे घटाकर या बढ़ाकर मानूँ।"

आयतें 7, 8. बालाक की योजना आसानी से पूरी हो जानी चाहिए थी। उसे बस बिलाम को बुला भेजने, उसे आने के लिए आमंत्रित करने और **भावी कहने की उचित दक्षिणा** का भुगतान करने की आवश्यकता थी।[13] बिलाम तब आएगा, और बालाक का उद्देश्य पूर्ण हो जाएगा। हालाँकि, बिलाम का उसके पास आना, बालाक के अनुमान से अधिक जटिल निकला।

पहली जटिलता जब हुई तब बालाक के द्वारा भेजे गए **मोआब और ... मिद्यान के पुरनिये** बिलाम को बालाक के बुलावे को स्वीकार करने का प्रयत्न करने लगे। **उन्होंने बिलाम के पास पहुँचकर बालाक की बातें कह सुनाईं।** उसने उनसे कहा **आज रात को यहाँ टिको, और जो बात यहोवा** मुझ से **कहेगा, उसी के अनुसार मैं तुम को उत्तर दूँगा।** तब **मोआब के हाकिम बिलाम के यहाँ ठहर गए।**

आयतें 9-13. परमेश्वर ने **बिलाम** से बात की, और पूछा, "**तेरे यहाँ ये पुरुष कौन हैं?**" इसके उत्तर में भावी कहने वाले ने **परमेश्वर से कहा, बालाक** ने मेरे पास

यह कहला भेजा है, **सुन, जो दल मिस्र से निकल आया है**; आकर मेरे लिये उन्हें **शाप** दे। बालाक का तर्क यह था कि, यदि बिलाम ने इन लोगों को शाप दिया, तो **सम्भव है कि मैं उनसे लड़कर उनको बरबस निकाल सकूँगा**। परमेश्वर ने उत्तर दिया, **"तू इनके संग मत जा; उन लोगों को शाप मत दे, क्योंकि वे आशीष के भागी हो चुके हैं।"** भोर को बिलाम ने उठकर उन पुरुषों को यह कहकर विदा कर दया कि, **"तुम अपने देश को चले जाओ; क्योंकि यहोवा मुझे तुम्हारे साथ जाने की आज्ञा नहीं देता।"**

आयतें 14-18. सम्भवतः बिलाम ईमानदारी से परमेश्वर की इच्छा को पूरा करना चाहता था, या शायद उसका इनकार एक मोलभाव करने की योजना था, जिससे वह बालाक से अधिक धन प्राप्त करने का प्रयास कर रहा था। गिनती का लेखक बिलाम के उद्देश्यों पर टिप्पणी नहीं करता। बालाक यह सोचता हुआ प्रतीत होता है कि बिलाम को अब भी उसकी इच्छा अनुसार काम करने के लिए मनाया जा सकता था। जब वे लोग जिन्हें उसने भेजा था उन्होंने समाचार दया कि **बिलाम ने आने से मना किया है**, उसने मनुष्यों का एक और दल भेजा जो **जो पहलों से प्रतिष्ठित और गिनती में भी अधिक थे**। उन्होंने उससे वचन दिया कि यदि वह इस्राएल को **शाप** दे तो **उसके बड़ी प्रतिष्ठा** की जाएगी। बिलाम ने बालाक के कर्मचारियों को उत्तर दिया: **"चाहे बालाक अपने घर को सोने-चाँदी से भरकर मुझे दे दे, तौभी मैं अपने परमेश्वर यहोवा की आज्ञा को पलट नहीं सकता, कि उसे घटाकर या बढ़ाकर मानूँ"** (देखें 24:13)। यदि निष्कपट हो तो, बाइबल में एक व्यक्ति के परमेश्वर की आज्ञा मानने के निश्चय का इससे अधिक साहसी कथन कहीं नहीं मिलता।

बिलाम का जाने का निर्णय लेना (22:19-21)

19"इसलिये अब तुम लोग आज रात को यहीं टिके रहो, ताकि मैं जान लूँ कि यहोवा मुझ से और क्या कहता है।" 20परमेश्वर ने रात को बिलाम के पास आकर कहा, "यदि वे पुरुष तुझे बुलाने आए हैं, तो तू उठकर उनके संग जा; परन्तु जो बात मैं तुझ से कहूँ उसी के अनुसार करना।" 21तब बिलाम भोर को उठा, और अपनी गदही पर काठी बाँधकर, मोआबी हाकिमों के संग चल पड़ा।

आयत 19. बिलाम के अगले काम ने उसके शब्दों को झूठा सिद्ध कर दिया। उसने फिर अपने अतिथियों से कहा "**अब तुम लोग आज रात को यहीं टिके रहो, ताकि मैं जान लूँ कि यहोवा मुझ से और क्या कहता है।**" चूंकि परमेश्वर ने उसे पहले ही बता दिया था कि क्या करना है, बिलाम के पास दूसरी बार पूछने का कोई अच्छा कारण नहीं था।

आयत 20. फिर भी, उसकी प्रश्न के उत्तर में, **परमेश्वर** ने उसे उन पुरुषों के **संग जाने** के लिए कहा, परन्तु **केवल उन शब्दों को** बोलने के लिए जो वह उसे कहने के लिए देगा। यह रोचक है कि परमेश्वर ने **रात को** बिलाम से बात की। डीर

'अल्ला के शिलालेख कहते हैं कि "देवता रात में [बिलाम के पास] आए, और उसने एक एल की आशीर्वचन के समान एक दर्शन देखा।"[14]

आयत 21. भोर में, बिलाम **अपनी गदही पर काठी बांधकर**, "दो सेवकों" को संग लेकर (22:22), **मोआबी हाकिमों** के संग चल पड़ा जो उससे मोलभाव करने आये थे। वास्तविक भाषा में, गधे को एक मादा बताया गया है। यह तथ्य कहानी में NASB में उसके लिए उपयोग किए गए स्त्री सर्वनामों में परिलक्षित होता है।

बिलाम का परमेश्वर के क्रोध से बचना (22:22-35)

[22]और उसके जाने के कारण परमेश्वर का कोप भड़क उठा, और यहोवा का दूत उसका विरोध करने के लिये मार्ग रोककर खड़ा हो गया। वह अपनी गदही पर सवार होकर जा रहा था, और उसके संग उसके दो सेवक भी थे। [23]और उस गदही को यहोवा का दूत हाथ में नंगी तलवार लिये हुए मार्ग में खड़ा दिखाई पड़ा; तब गदही मार्ग छोड़कर खेत में चली गई; तब बिलाम ने गदही को मारा कि वह मार्ग पर फिर आ जाए। [24]तब यहोवा का दूत दाख की बारियों के बीच की गली में, जिसके दोनों ओर बारी की दीवार थी, खड़ा हुआ। [25]यहोवा के दूत को देखकर गदही दीवार से ऐसी सट गई कि बिलाम का पाँव दीवार से दब गया; तब उसने उसको फिर मारा। [26]तब यहोवा का दूत आगे बढ़कर एक सकरे स्थान पर खड़ा हुआ, जहाँ न तो दाहिनी ओर हटने की जगह थी और न बाईं ओर। [27]वहाँ यहोवा के दूत को देखकर गदही बिलाम को लिये-दिये बैठ गई; फिर तो बिलाम का कोप भड़क उठा, और उसने गदही को लाठी से मारा। [28]तब यहोवा ने गदही का मुँह खोल दिया, और वह बिलाम से कहने लगी, "मैं ने तेरा क्या किया है कि तू ने मुझे तीन बार मारा?" [29]बिलाम ने गदही से कहा, "यह कि तू ने मुझ से नटखटी की। यदि मेरे हाथ में तलवार होती तो मैं तुझे अभी मार डालता।" [30]गदही ने बिलाम से कहा, "क्या मैं तेरी वही गदही नहीं जिस पर तू जन्म से आज तक चढ़ता आया है? क्या मैं तुझ से कभी ऐसा करती थी?" वह बोला, "नहीं।" [31]तब यहोवा ने बिलाम की आँखें खोलीं, और उसको यहोवा का दूत हाथ में नंगी तलवार लिये हुए मार्ग में खड़ा दिखाई पड़ा; तब वह झुक गया, और मुँह के बल गिरके दण्डवत् की। [32]यहोवा के दूत ने उससे कहा, "तू ने अपनी गदही को तीन बार क्यों मारा? सुन, तेरा विरोध करने को मैं ही आया हूँ, इसलिये कि तू मेरे सामने उलटी चाल चलता है; [33]और यह गदही मुझे देखकर मेरे सामने से तीन बार हट गई। यदि वह मेरे सामने से हट न जाती, तो निःसन्देह मैं अब तक तुझे तो मार ही डालता, परन्तु उसको जीवित छोड़ देता।" [34]तब बिलाम ने यहोवा के दूत से कहा, "मैं ने पाप किया है; मैं नहीं जानता था कि तू मेरा सामना करने को मार्ग में खड़ा है। इसलिये अब यदि तुझे बुरा लगता है, तो मैं लौट जाता हूँ।" [35]यहोवा के दूत ने बिलाम से कहा, "इन पुरुषों के संग तू चला जा; परन्तु केवल वही बात कहना जो मैं तुझ से कहूँगा।" तब बिलाम बालाक के हाकिमों के संग चला गया।

आयत 22. बालाक की योजना के पूर्ण होने में अगली कठिनाई मोआब के मार्ग पर घटित हुई। शब्द कहता है कि **उसके जाने के कारण परमेश्वर का कोप भड़क उठा,** फलस्वरूप जब वह और उसके सेवक साथ-साथ यात्रा करते थे, तो **यहोवा का दूत उसका विरोध करने के लिये मार्ग** रोककर खड़ा हो गया। जिस शब्द "विरोधी" (שָׂטָן, *सेटन)* का अनुवाद आयत 22 और 32 में किया गया है, उसी शब्द के लिए अय्यूब 1:6 में शैतान का उपयोग किया गया है; "शैतान" शब्द का एक स्पष्ट रूप है। गिनती 22 में इसके उपयोग से पता चलता है कि परमेश्वर ने स्वयं बिलाम के "विरोधी," या "शत्रु" के रूप में सड़क पर खड़ा किया था। जो लोग उसकी अनाज्ञाकारिता करते हैं, परमेश्वर उनका भयंकर शत्रु बन जाता है।

अध्याय 22 का सबसे कठिन भाग यह है कि आयत 18 में परमेश्वर ने बिलाम को जाने की अनुमति दी, फिर भी आयत 22 कहती है, "उसके जाने के कारण परमेश्वर का कोप भड़क उठा।" स्पष्ट रूप से विरोधाभासी न दोनों विचारों का मेल किस प्रकार हो सकता? कुछ लोगों का मानना है कि परमेश्वर का कोप बिलाम पर भड़क उठा, क्योंकि यात्रा के दौरान, या जाने से एक रात पहले, भविष्यद्वक्ता ने परमेश्वर की आज्ञा को मानने के विषय में अपना विचार बदल दिया। वह परमेश्वर की इच्छा को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित था, परन्तु वह उस धन की अभिलाषा करने लगा जिसका बालाक ने वचन दिया था। इस क्षण, वह सोच रहा था कि वह किस प्रकार इस्राएल को शाप देकर किस प्रकार उस धन को इकट्ठा कर सकता है। इस्राएल को शाप देने की उसकी मंशा ने परमेश्वर के क्रोध को उत्पन्न किया।

एक बात की और अधिक संभावना है कि परमेश्वर ने किसी ऐसी बात की अनुमति दी थी जो उसकी आदर्श योजना के अनुसार नहीं थी, ठीक उसी तरह जब उन्होंने इस्राएल द्वारा उसमें राजा (1 शमूएल 8:1-8) के शासन की विनती को स्वीकार किया था। इसी तरह, यीशु के अनुसार, परमेश्वर ने मनुष्यों के हृदयों की कठोरता के कारण व्यवस्था में तलाक की अनुमति दी, भले ही वह विवाह के लिए उसकी मूल योजना का भाग नहीं था (मत्ती 19:3-9)। परमेश्वर ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि जब उसने बिलाम को जाने से मना किया था। दूसरी बार पूछकर - सम्भवतः क्योंकि वह उन प्रतिष्ठित पुरस्कारों को पाना चाहता था जिनका वचन बालाक ने दिया था - बिलाम ने संकेत दिया कि उसका विश्वास था कि परमेश्वर का मन बदला जा सकता है। वहाँ परमेश्वर ने बिलाम को अनुमति दे दी, परन्तु बाद में उसने उसे मारने की चेतावनी देकर अपनी अप्रसन्नता का प्रदर्शन किया।

आयत 23. परमेश्वर के क्रोध का कोई भी कारण क्यों न रहा हो, उसका परिणाम यह था कि एक स्वर्गदूत ने बिलाम का मार्ग रोक लिया था। **उस गदही को यहोवा का दूत हाथ में नंगी तलवार लिये हुए मार्ग में खड़ा दिखाई पड़ा,** हालाँकि बिलाम स्वयं उसे देख नहीं सका था (22:31)। जब **गदही मार्ग छोड़कर खेत में चली गई; तब** बिलाम **ने गदही को मारा।**

आयतें 24, 25. दूसरी बार भी कुछ ऐसा ही हुआ, **तब यहोवा का दूत आगे बढ़कर एक सकरे स्थान पर खड़ा हुआ।** एक दूसरे के पास दो दाख की बारियां थीं

जो दोनों ओर से पत्थर की दीवारों से सुरक्षित थीं (देखें यशा. 5:5), और उनके बीच थोड़ी सी दूरी थी। इस बार, बाधा से दूर जाने के लिए, **गदही दीवार से ऐसी सट गई कि बिलाम का पाँव दीवार से दब गया; तब उसने उसको फिर मारा।**

आयतें 26, 27. तीसरी बार **यहोवा के दूत** मार्ग रोककर खड़ा हो गया। इस बार यहोवा का दूत आगे बढ़कर एक **सकरे स्थान** पर **खड़ा हुआ, जहाँ न तो दाहिनी ओर हटने की जगह थी और न बाईं ओर**। गदही बिलाम को **लिये-दिये बैठ गई**। फिर तो बिलाम का कोप भड़क उठा, और **उसने गदही को लाठी से मारा**।

आयतें 28-31. इस क्षण पर, **यहोवा ने गदही का मुँह खोल दिया, और वह बिलाम से कहने लगी, "मैं ने तेरा क्या किया है कि तू ने मुझे तीन बार मारा?"** बिलाम ने गदही से कहा कि **तू ने मुझ से नटखटी की**, और मेरा कहा नहीं माना, फिर उसने यह भी कहा कि यदि **मेरे हाथ में तलवार होती तो मैं तुझे अभी मार डालता**।

गदही ने बिलाम से कहा, क्या मैं तुझ से कभी ऐसा करती थी?" वह बोला, **"नहीं।"** इस क्षण पर **यहोवा ने बिलाम की आँखें खोलीं, और उसको यहोवा का दूत हाथ में नंगी तलवार लिये हुए मार्ग में खड़ा दिखाई पड़ा**। एक तलवार पास में ही थी परन्तु वह स्वर्गदूत के हाथ में थी। वह बिलाम के लिए थी न कि गदही के लिए! बिलाम स्वर्गदूत को उपस्थित देखकर **झुक गया, और मुँह के बल गिरके दण्डवत् की**।

आयतें 32-35. इसके बाद परमेश्वर ने बिलाम को उसकी गदही को मारने के लिए फटकारा। **यहोवा के दूत ने उससे कहा, "तू ने अपनी गदही को तीन बार क्यों मारा? ... यदि वह मेरे सामने से हट न जाती, तो निःसन्देह मैं अब तक तुझे तो मार ही डालता, परन्तु उसको जीवित छोड़ देता।"** बिलाम ने निश्चित तौर पर जान लिया कि उसकी मोआब की यात्रा से परमेश्वर को बुरा लगा था। उसके अंगीकार करने के बाद कि उसने **पाप किया** था, उसने अपने घर **वापस लौटने** का प्रस्ताव दिया। इसके बाद स्वर्गदूत ने उससे कहा, **"इन पुरुषों के संग तू** [मोआब को] **चला जा; परन्तु केवल वही बात कहना जो मैं तुझ से कहूँगा।" तब बिलाम बालाक के हाकिमों के संग चला गया।**

जब बिलाम ने अपनी गदही के साथ बात की, तो क्या अन्य लोग उपस्थित थे? वह "मोआब के हाकिमों के साथ" (22:21) गया, उसने अपने साथ (22:22) "दो सेवकों" को ले लिया, और वह "बालाक के हाकिमों के साथ" (22:35) चलता रहा। यह सम्भव है कि अन्य लोग वहाँ थे, परन्तु उन्होंने नहीं देखा (या सुना) कि क्या हुआ था।[15]

बिलाम और गदही के बीच की बातचीत, बिलाम के विषय में कहानी की सबसे विचित्र विशेषता है। इस पूरी घटना का उद्देश्य बिलाम को उसके केवल परमेश्वर से प्राप्त संदेश को बोलने की पूर्ण आवश्यकता को प्रभावित करना था। हालाँकि, कहानी के बारे में प्रश्न बने हुए हैं।

एक सामान्य प्रश्न है "क्या गदही ने वास्तव में बिलाम से बात की थी?" कुछ लोग इस बात से इनकार करते हैं कि वास्तव में यह घटना हुई थी, परन्तु जो लोग

मानते हैं कि बाइबल अपनी संपूर्णता में प्रेरित है, वे कहानी को तथ्य के रूप में स्वीकार करते हैं। उनका विश्वास है कि, जबकि यह आश्चर्यकर्म अद्वितीय है, बाइबल में दर्ज अन्य आश्चर्यकर्मों की तुलना में यह अधिक असम्भव नहीं है। वह परमेश्वर जिसने सब कुछ बनाया है - जो वर्षा को गिरने का कारण है, जो तूफान भेजता है, और जो लहरों को शांत करता है - वह गदही से बात करवा सकता है। इसलिए, विश्वासियों के लिए, गदही के बोलने के लिए "कैसे" की कोई व्याख्या की आवश्यकता नहीं है।

"क्यों" एक अन्य मामला है: परमेश्वर ने एक "भविष्यद्वक्ता के पागलपन" को रोकने के लिए एक गदही का प्रयोग क्यों किया (2 पतरस 2:15, 16)? ऐसा प्रतीत होता है कि परमेश्वर की मंशा गदही को उसके स्वामी से अलग दिखाने की थी। बिलाम एक महान भावी कहने वाला या दर्शी था, परन्तु गदही ने वह देखा जो वह नहीं देख सका। बिलाम ने निर्दोष गदही को मारा, परन्तु गदही ने बिलाम का जीवन बचाया। बिलाम को परमेश्वर का ईमानदार सेवक बनना था, और गदही केवल एक तुच्छ पशु थी; परन्तु परमेश्वर गदही से प्रसन्न था, जबकि वह बिलाम से इतना अप्रसन्न था कि वह उसे मारने के लिए तैयार था। कहानी मनोरंजक है - पाठक वास्तव में जोर से हंस सकते हैं - परन्तु इसका उद्देश्य अन्य सच्चाइयों के बीच, यह सिखाने के लिए था कि लोग और बातें सदैव वही नहीं होती हैं जो वे प्रतीत होती हैं। कहानी का सबसे मनोरंजक पहलू यह नहीं है कि गदही ने बिलाम से बात की थी, बल्कि यह कि बिलाम ने गदही को उत्तर दिया - आश्चर्य या संकोच के बिना - और फिर उसके साथ बातचीत करना जारी रखा।

बिलाम का बालाक से भेंट करना (22:36-41)

[36]यह सुनकर कि बिलाम आ रहा है, बालाक उससे भेंट करने के लिये मोआब के उस नगर तक जो उस देश की अर्नोन वाली सीमा पर है गया। [37]बालाक ने बिलाम से कहा, "क्या मैं ने बड़ी आशा से तुझे नहीं बुलवा भेजा था? फिर तू मेरे पास क्यों नहीं चला आया? क्या मैं इस योग्य नहीं कि सचमुच तेरी उचित प्रतिष्ठा कर सकता?" [38]बिलाम ने बालाक से कहा, "देख, मैं तेरे पास आया तो हूँ! परन्तु अब क्या मैं कुछ कह सकता हूँ? जो बात परमेश्वर मेरे मुँह में डालेगा वही बात मैं कहूँगा।" [39]तब बिलाम बालाक के संग-संग चला, और वे किर्यथूसोत तक आए। [40]और बालाक ने बैल और भेड़-बकरियों को बलि किया, और बिलाम और उसके साथ के हाकिमों के पास भेजा। [41]भोर को बालाक बिलाम को बाल के ऊँचे स्थानों पर चढ़ा ले गया; और वहाँ से उसको सब इस्राएली लोग दिखाई पड़े।

आयत 36. बालाक ने **बिलाम** को बुलवा भेजा था, उसे मेसोपोटामिया से मोआब तक बुलवाया था। अध्याय 22 की अंतिम आयत में, वे दोनों मनुष्य अंततः एक दूसरे के सामने आते हैं। यह भेंट **मोआब के उस नगर में हुई तक जो उस देश की अर्नोन वाली सीमा पर है**। इस काल के दौरान अर्नोन मोआब की उत्तरी सीमा

था (21:13 पर टिप्पणियाँ देखें)। बिंदु में यह प्रतीत होता है कि राजा भावी कहने वाले से भेंट करने के लिए उसकी उत्तरी सीमा तक आया था (देखें NIV)।

चूंकि "नगर" इब्रानी में एक अनुच्छेद से पहले नहीं है, इसलिए वाक्यांश का अनुवाद "मोआब का नगर" किया जा सकता है। इसे "इर-मोआब" (NJPSV; NRSV) के रूप में भी प्रस्तुत किया जा सकता है क्योंकि "नगर" के लिए इब्रानी शब्द עִיר *(इर)* है। अन्य संस्करण इसका "मोआब का अर" (NEB; देखें NJB) के रूप में परिचय देते हैं, भले ही उस नाम की वर्तनी इब्रानी (עַר, *अर)* में थोड़ी भिन्न हो। 21:15, 28 में अर का उल्लेख किया गया है।

आयतें 37, 38. बालाक ने बिलाम को उसकी विनती का उत्तर देरी से देने पर फटकार लगाई। उसने उससे प्रश्न किया कि वह शीघ्रता से क्यों नहीं आया, क्योंकि राजा ने उसे **शीघ्र** बुलवाया था। उसने उससे यह भी पूछा कि, **"क्या मैं इस योग्य नहीं कि सचमुच तेरी उचित प्रतिष्ठा कर सकता?"** वास्तव में, बालाक कह रहा था, "क्या तूने इतना समय इसलिए लिया क्योंकि तुझे लगा कि मैं तुझे दक्षिणा का भुगतान नहीं कर सकता?"

बिलाम ने उसी स्वर में उत्तर दिया: **"परन्तु अब क्या मैं कुछ कह सकता हूँ?"** वह बालाक को बताना चाहता था कि वह परमेश्वर के दिए हुए वचनों को छोड़ कुछ कहने के योग्य नहीं था।

22:37, 38 में दो प्रश्नों के लिए नकारात्मक उत्तर आवश्यक हैं। (1) "क्या मैं इस योग्य नहीं कि सचमुच तेरी उचित प्रतिष्ठा कर सकता?" जिसका अर्थ है, "मैं तेरी प्रतिष्ठा करने के योग्य हूँ-क्या तूने इस पर विश्वास नहीं किया?" (2) "परन्तु अब क्या मैं कुछ कह सकता हूँ?" का अर्थ है, "मैं कुछ भी कहने के योग्य नहीं हूँ।" बिलाम ने आगे यह कहा कि वह केवल वे ही वचन कह सकता है जो परमेश्वर उसके मुँह में डालेगा। सम्भवतः वह संकेत कर रहा था कि, चूंकि वह परमेश्वर के निर्देशन के अधीन था इस लिए उसके आलस्य का जिम्मेदार परमेश्वर था।

आयतें 39, 40. इसके बाद बालाक बिलाम को **किर्यथूसोत** ले गया, वह नगर जहाँ उसे ठहरना था। इस स्थान पर, उसने **बैल और भेड़-बकरियों को बलि किया**, और उनके मांस को **बिलाम और उसके साथ के हाकिमों के पास भेजा**। निस्संदेह, यह प्रसिद्ध आगंतुक के स्वागत के लिए दिया गया भोज था।

आयत 41. भोर को बालाक बिलाम को बाल के ऊँचे स्थानों पर चढ़ा ले गया। "बाल" कनान के आसपास के क्षेत्र में कई लोगों द्वारा पूजा जाने वाला एक देवता था। "ऊंचे स्थान" पहाड़ियों की चोटी जैसे ऊंचे स्थान थे, जहाँ अन्यजातीय देवताओं की पूजा की जाती थी। उस सुविधा के बिंदु से, उन्होंने **इस्राएल के लोगों** को देखा। यह विडंबना है कि बाल के इस उच्च स्थान पर, बिलाम ने परमेश्वर की ओर से इस्राएल को आशीष देने वाला संदेश दिया।

अनुप्रयोग

परमेश्वर और उसके "बड़े और छोटे प्राणी" (22:22-33)

बिलाम की कहानी अब तक की सबसे असामान्य बातचीत दर्ज करती है। शायद युगों के दौरान कई लोगों ने अपने जानवरों से बात की है, परन्तु किसी अन्य पालतू या काम वाले जानवर को अचानक मानव भाषा में समझाने की क्षमता नहीं दी गई है जैसा कि बिलाम की गदही ने किया था।

बाइबल बताती है कि परमेश्वर ने विभिन्न अवसरों पर, प्राकृतिक दुनिया के जीव - जंतुओं, पक्षियों, मछलियों और कीड़ों - मकोड़ों को अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए इस्तेमाल किया है। उसने पृथ्वी के जानवरों को जोड़े में जहाज में जाने की आज्ञा दी, इससे पहले कि वह जल प्रलय भेजे, और नूह ने पक्षियों को बाहर भेजकर पता लगाया कि पानी घट गया था (उत्पत्ति 7; 8)। परमेश्वर ने मिस्रवासियों पर विपत्ति भेजने के लिए मेंढक और कीड़े भेजे। (निर्गमन 8:1-10:19)। उसने इस्राएल की भूख को तृप्त करने के लिए बटेरें भेजीं (गिनती 11), और उसने सांपों का प्रयोग उन्हें उसके अपमान के लिए दण्डित करने के लिए किया (गिनती 21:4-9)। उसने पलिश्तियों की "भूमि को नाश" करने के लिए चूहों को उत्पन्न किया क्योंकि उन्होंने वाचा का सन्दूक (1 शमूएल 6:5) चुराया था।

परमेश्वर ने एक अनाज्ञाकारी भविष्यद्वक्ता को दण्ड देने के लिए एक शेर का प्रयोग किया (1 राजा 13:24-28)। भविष्यद्वक्ता एलीशा की आज्ञा पर, दो मादा भालुओं ने बयालीस युवकों पर हमला किया, जो उसका उपहास कर रहे थे। (2 राजा 2:23, 24)। परमेश्वर ने अनिच्छुक भविष्यद्वक्ता योना को सबक सिखाने के लिए उसे निगलने के लिए एक विशाल मछली का प्रयोग किया (योना 1:17-2:10)। दानिय्येल को शेरों की मांद में बचाया गया क्योंकि परमेश्वर ने शेरों का मुंह बंद कर दिया था (दानिय्येल 6:22)। यीशु मसीह ने मछुआरों के जाल को मछलियों से भरकर अपने ईश्वरत्व का प्रदर्शन किया (लूका 5:1-7; यूहन्ना 21:1-6), और वह अन्तिम बार गधे की पीठ पर सवार होकर यरूशलेम आया (मत्ती 21:1-11)।

ये सभी घटनाएँ सिखाती हैं, जैसा कि भजनकार ने कहा, क्योंकि वन के सारे जीव - जन्तु और हज़ारों पहाड़ों के जानवर - और पृथ्वी पर के अन्य सभी प्राणी-परमेश्वर के हैं (भजन 50:10; देखें 24:1)। उसने उन्हें बनाया है, वह उन्हें नियंत्रित करता है, और वह अपने उद्देश्यों के लिए उनका उपयोग करता है। सभी प्राणियों को परमेश्वर की महिमा के लिए बनाया गया और उसकी प्रधानता के अधीन हैं (देखें भजन 148:10)।

समाप्ति नोट

[1]शिलालेख के अनुवादों के लिए, देखें आर. डेनिस कोले, "नम्बर्स," इन *ज़ोंडर्वन इलस्ट्रेटेड बाइबल बैकग्राउन्ड्स कॉमेन्टरी*, वॉल्यूम 1, *उत्पत्ति, निर्गमन, लैव्यव्यवस्था, गिनती,*

व्यवस्थाविवरण, एड. जॉन एच. वाल्टन (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: ज़ोंडर्वन, 2009), 380-81; विलियम डब्ल्यू. हेलो, एडिशन, *द कॉन्टेक्स्ट ऑफ स्क्रिप्चर* (बोस्टन: ब्रिल, 2003), 2:140-45. [2]रॉय गेन, *लैव्यव्यवस्था, गिनती*, द NIV एप्लिकेशन कमेन्ट्री (ग्रान्ड रेपिड्स, मिशिगन: जोनडर्वन, 2004), 690. [3]रोनॉल्ड बी. एल्लन, "गिनती," *एक्सपोजीटर्स बाइबल कमेंट्री*, वॉल्यूम 2, *उत्पत्ति-गिनती*, संपादक फ्रैंक ई. गैबलीन (ग्रैंड रैपिड्स, मिशीगनः जॉडरवैन पब्लिशिंग हाऊस, 1990), 887. [4]चार्ल्स ऍफ़. फ्फीफ़र, *बेकर'स बाइबल एटलस* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशीगनः बेकर बुकस, 2003), 319. [5]जुलियस एच. ग्रीनस्टोन, *गिनती*, द होली स्क्रिपचर्स विद कमेन्ट्री (फ़िलाडेल्फ़िया: जूइश पब्लिकेशन सोसाइटी ऑफ़ अमेरिका, 1939), 234. [6]रोनॉल्ड बी. एल्लन एण्ड केनेथ एल. बार्कर, नोट्स ओन गिनती, *द NIV स्टडी बाइबल*, एडिशन. केनेथ एल. बार्कर (ग्रैंड रैपिड्स, मिशीगनः जोंडरवैन पब्लिशिंग हाउस, 1985), 222. [7]मिस्र से भागने के बाद, मूसा सीनै के क्षेत्र में मिद्यानियों के मध्य में रहा था (निर्गमन 2:15-4:20)। [8]डू बोइस, 451. [4]क्लाइड एम. वुड्स एन्ड जस्टिन एम. रॉजर्स, *लैव्यव्यवस्था - गिनती*, द कॉलेज प्रेस NIV कमेन्ट्री (जोप्लिन मो.: कॉलेज प्रेस पब्लिशिंग कं., 2006), 365. [9]कोले, 378-79. [10]टिमोथी आर. एशली, *द बुक ऑफ़ गिनती,* द न्यू इंटरनेशनल कमेन्ट्री ऑन द ओल्ड टेस्टमेंट (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. एर्डमैंस पब्लिशिंग कम्पनी, 1993), 445.

[11]गेन, 727. [12]डेनिस टी. ओल्सन, *गिनती,* इंटरप्रिटेशन (लुइसविले: जॉन नॉक्स प्रेस, 1996), 140. [13]यद्यपि "भावी कहने" के लिए व्यवस्था में मना किया था, फिर भी परमेश्वर से एक संदेश प्राप्त करने के बदले इस्राएल के भविष्यद्वक्ताओं को एक "दक्षिणा" दी जाती थी (1 शमूएल 9:6-9; 1 राजा 14:2, 3; 2 राजा 8:8, 9) [14]देखें कोले, 381; हेलो, 2:142. [15]उस अवसर पर बिलाम के अनुभव की तुलना यूहन्ना 12: 27-30 में यीशु की परमेश्वर होने की पुष्टि और प्रेरितों 9:3-9 में दमिश्क के मार्ग पर शाऊल के अनुभव से की जा सकती है। [16]सी. एफ. एलेक्जेंडर, "ऑल थिंग्स ब्राइट एंड ब्यूटीफुल," *विश्वास और स्तुति के गीत*, संकलनकर्ता एंव संपादक एल्टन एच. हावर्ड (वेस्ट मोनरो, लुसियानाः हावर्ड पब्लिशिंग कम्पनी, 1994)।